

बीएसएफ में जुलाई तक 10,145 पद रिक्त

नई दिल्ली। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में 1 जुलाई, 2024 तक 10,145 पद रिक्त थे, जबकि पिछले पांच वर्षों में बीएसएफ में 7,372 नए पद सृजित किए गए। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में बीएसएफ में 54,760 कर्मियों की भर्ती की गई है। राय ने राज्यसभा में कहा, बल की परिचालन आवश्यकता के आधार पर पदों का निर्माण और कैडर पुनर्गठन एक सतत प्रक्रिया है। 1 जुलाई, 2024 तक बीएसएफ की स्वीकृत क्षमता 2,65,808 है।

लोकसभा में राहुल की जाति पर हंगामा, दो बार टली कार्यवाही

जाति जनगणना की उठाई मांग, वायनाड पर भी नोकझोंक, विपक्ष ने वेल में पहुंचकर की नारेबाजी

नई दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दो बार टालनी पड़ी। सुबह कार्यवाही शुरू होने पर विपक्ष ने राहुल गांधी की जाति को लेकर भाजपा नेता अनुराग ठाकुर की टिप्पणी पर जमकर हंगामा किया। इसके चलते कार्यवाही पहले 20 मिनट के लिए और बाद में वायनाड के मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष की नोकझोंक के चलते चार बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्ष के कई सांसदों ने खड़े होकर राहुल गांधी की जाति पर अनुराग ठाकुर की टिप्पणी का मुद्दा उठाने की कोशिश की पर अध्यक्ष ओम बिरला ने अनुम नहीं दी। इस पर कांग्रेस, द्रमुक, सपा व शिवसेना (यूबीटी) के सांसद वेल में आकर नारेबाजी करने लगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू बोलने को खड़े हुए तो कांग्रेस के गौरव गोगोई व उनके सहयोगियों ने कागज फाड़कर वेल की ओर फेंके। बिरला ने उन्हें टोका और कहा कि यह तरीका गलत है। विपक्ष ने ठाकुर से उनकी टिप्पणी के लिए माफी के अलावा जाति जनगणना की भी मांग की। हंगामे के बीच दोपहर तक स्थगित होने से पूर्व प्रश्नकाल करीब 11:40 बजे तक चला। ब्यूरो

लोकसभा में बुधवार को कार्यवाही के दौरान नारेबाजी करते विपक्ष के सांसद। एजेंसी

बिरला ने गोगोई को लगाई फटकार

अध्यक्ष बिरला ने कांग्रेस सांसदों को प्रश्न पूछने से रोकने पर कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि आपकी पार्टी के सदस्य सवाल पूछ रहे हैं, लेकिन आप उन्हें बोलने नहीं दे रहे हैं। यह ठीक नहीं है। हंगामे के बीच रिजिजू ने सदन में विरोध प्रदर्शन की निंदा की और कहा कि राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी सुबह-शाम-रात जाति-जाति करते रहते हैं और यहां जाति पूछने पर सवाल खड़े करते हैं।

वायनाड में धार्मिक संगठनों के दबाव में नहीं हटा अवैध कब्जा : ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में भाग लेते हुए, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने दावा किया कि केरल आपदा प्रबंधन निकाय की सिफारिशों के बावजूद धार्मिक संगठनों के दबाव में वायनाड में अवैध कब्जे नहीं हटाए गए। उन्होंने कहा कि वायनाड सांसद के रूप में गांधी ने संसद में एक बार भी भूस्खलन का मुद्दा नहीं उठाया। सूर्या की टिप्पणी पर कांग्रेस सदस्यों ने भारी विरोध किया।

पीएम के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस

अनुराग ठाकुर की तारीफ करने से पीएम मोदी पर बिफरी कांग्रेस

नई दिल्ली। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के जाति पर दिए गए बयान को लेकर विवाद और बढ़ सकता है। लोकसभा में कांग्रेस सांसद और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने स्पीकर ओम बिरला को नोटिस सौंपकर पीएम के खिलाफ प्रक्रिया के नियमों के नियम 222 के तहत विशेषाधिकार प्रस्ताव लाने की मांग की। चन्नी के मुताबिक, पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उस टिप्पणी को साझा किया था, जिसे सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया था।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुराग ठाकुर के इस बयान के बाद उनकी तारीफ की थी और उनके भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया था। उन्होंने कहा था कि इसे जरूर सुनना चाहिए। उन्होंने कहा, मेरे युवा और ऊर्जावान साथी आपको अनुराग ठाकुर का यह भाषण जरूर सुनना चाहिए। तथ्यों और व्यंग्य का यह एक बेहतरीन मिश्रण है, जो इंडिया गठबंधन की गंदी राजनीति को दिखाता है।

अनुराग ठाकुर ने 30 जुलाई को लोकसभा में कहा था कि उनकी जाति का पता नहीं और वे जाति जनगणना की बात करते रहते हैं। अनुराग ने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया था। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि अनुराग ने राहुल गांधी के लिए ऐसा कहा।

संसद डायरी

स्वदेशी बुलेट ट्रेन विकसित करने पर काम कर रहा भारत : वैष्णव

नई दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत स्वदेशी तकनीक से देश में बुलेट ट्रेन विकसित करने पर काम कर रहा है। वैष्णव ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि शुरुआत में भारत को बुलेट ट्रेन की तकनीक विदेशों से मिली थी लेकिन अब हम पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बुलेट ट्रेन विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने पर काम कर रहे हैं। बुलेट ट्रेन परियोजना तकनीकी रूप से बहुत जटिल है और इसे जापान की मदद से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। पहली बुलेट ट्रेन परियोजना अहमदाबाद-मुंबई के बीच निर्माणाधीन है। ब्यूरो

ठाकुर ने जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया वह निंदनीय : पायलट

जयपुर। ए। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में जिस प्रकार के शब्दों का इस्तेमाल किया वह निंदनीय है। उन्होंने कहा कि संसद में बैठे लोगों को ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट ने टोंक में संवाददाताओं से कहा, 'मुझे बड़ा खेद है कि जिस प्रकार के वक्तव्य कल सदन में दिये गये। विपक्ष के नेताओं द्वारा राहुल गांधी को निशाना बनाया ग्यारहवं जाति, धर्म, समाज की बात करना संसदीय प्रणाली में शोभा नहीं देता।'

राज्यों को पिछले वर्ष की तुलना में 2.49 लाख करोड़ रुपये ज्यादा मिले : सीतारमण

वित्त मंत्री ने राज्यसभा में आम बजट 2024-25 व केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर चर्चा का दिया जवाब

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि बजट में सहकारी संघवाद पर जोर दिया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में राज्यों को 22.91 लाख करोड़ रुपये दिए गए जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.49 लाख करोड़ रुपये अधिक हैं। विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि बजट के भाषण में किसी राज्य का नाम नहीं होने का अर्थ यह नहीं है कि उसे कोई पैसा नहीं मिला है।

सीतारमण ने राज्यसभा में आम बजट 2024-25 और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पर चर्चा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि बजट में हर राज्य के लिए धन का आवंटन किया गया है। बजट में आर्थिक वृद्धि, रोजगार, पूंजी निवेश और राजकोषीय मजबूती के बीच बेहतर संतुलन स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि पिछले बजटों पर गौर किया जाए तो संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार ने भी अपने बजट भाषण में सभी राज्यों के नामों का उल्लेख नहीं किया था। 2004-05 के बजट में 17 राज्यों का नाम नहीं लिया गया। वहीं 2009-10 के पूर्ण बजट में 28 राज्यों का नाम नहीं था। अन्य बजट में भी कई राज्यों का उल्लेख नहीं था। क्या उन राज्यों को पैसा नहीं मिला। ब्यूरो

राज्यसभा में बजट पर चर्चा का जवाब देतीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण।

कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए आवंटन बढ़ा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विपक्ष के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि बजट में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक क्षेत्र के लिए आवंटन में कटौती की गई है। इसके उलट इन सभी क्षेत्रों के लिए आवंटन पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ा है।

- वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए बजट में 1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वित्त वर्ष से 8,000 करोड़ रुपये अधिक है। इसी तरह शिक्षा पर आवंटन बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये किया गया है।

राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बढ़ रहे

सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 साल में मोदी सरकार का पूंजीगत व्यय 43.82 लाख करोड़ रुपये रहा जो एक दशक पहले यूपीए शासन के दौरान 13.19 लाख करोड़ रुपये था। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। चालू वित्त वर्ष में इसे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। अगले वित्त वर्ष 2025-26 तक हम इसे 4.5 प्रतिशत से नीचे लाना चाहते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा 5.6 प्रतिशत था।

महंगाई काफी हद तक नियंत्रण में होने का दावा : महंगाई का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह सबको पता है कि तत्कालीन यूपीए सरकार की गलत नीतियों से मुद्रास्फीति 22 महीनों तक दहाई अंक के करीब चली गई थी और यह वैश्विक औसत से अधिक रही थी लेकिन आज यह काफी हद तक नियंत्रण में है। यह एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार की बेहतर नीतियों का नतीजा है।

तिवाड़ी की परिवारवाद पर टिप्पणी से दुखी खरगे बोले-

ऐसे माहौल में मैं अब और जीना नहीं चाहता

नई दिल्ली। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे काफी भावुक हो गए। भाजपा सांसद घनश्याम तिवाड़ी की टिप्पणी का जिक्र कर उन्होंने कहा कि ऐसे माहौल में और जीना नहीं चाहता हूं। साथ ही उन्होंने सभापति से तिवाड़ी की उनके राजनीतिक सफर के बारे में सदन में की गई कुछ टिप्पणियों को सदन से हटाने की अपील की। सभापति जगदीप धनखड़ ने आश्वासन दिया कि वह तिवाड़ी की टिप्पणियों को देखेंगे और खरगे को ठेस पहुंचाने वाला कोई भी शब्द रिकॉर्ड में नहीं रहेगा।

सदन की बैठक शुरू होने पर खरगे ने आसन की अनुमति से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मेरा नाम मेरे पिता ने सोच समझकर ही रखा। मेरे पिता चाहते थे कि 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक उनके बेटे का नाम हो। घनश्याम तिवाड़ी को मेरे नाम से क्या दिक्कत है। तिवाड़ी ने कहा कि मेरा पूरा परिवार राजनीति में था। उन्होंने 'परिवारवाद' के बारे में एक टिप्पणी की। अभी मैं कह सकता हूं कि वास्तव में परिवारवाद कहां है। उन्होंने कहा, मैं अनुरोध करता हूं कि इस टिप्पणी को (रिकॉर्ड से) हटा दिया जाना चाहिए। मैं अपने परिवार में राजनीति में आने वाला पहला सदस्य हूं। यदि मैं सदन में निकालने लग जाऊं तो पता चल जाएगा कि यहां कितने परिवारवाद के उदाहरण हैं। ब्यूरो

धनखड़ ने की खरगे के लंबे जीवन की कामना

अपने पिता की बात करते समय खरगे का गला भर आया। उन्होंने कहा, मां के बाद पिता ने ही मेरा पालन-पोषण किया। मैं आज जिस भी पद पर हूं इसियत में हूं, वह पिता के आशीर्वाद से ही हूं। मेरे पिता का 85 वर्ष की अवु में निधन हो गया। इस पर, सभापति धनखड़ ने खरगे के लंबे जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप 95 साल से अधिक जियें। खरगे ने कहा कि मैं इस माहौल में लंबे समय तक नहीं जीना चाहता।

कर्नाटक में जदएस ने भाजपा को दिया झटका, पैदल मार्च से दूरी बनाई

सिद्धरमैया सरकार के खिलाफ भाजपा ने तीन अगस्त से मार्च का किया है ऐलान

बेंगलुरु। ए। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की पत्नी समेत विभिन्न लोगों को मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) की ओर से भूमि के आवंटन में हुई कथित अनियमितताओं के खिलाफ विपक्ष के प्रस्तावित पैदल मार्च से जनता दल (एस) पीछे हट गया है और पार्टी नेता एच डी कुमारस्वामी ने भाजपा पर निशाना साधा है। जद(एस) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि पैदल मार्च के बारे में उनकी पार्टी को भरोसे में नहीं लिया गया। उन्होंने इस मार्च का नेतृत्व करने वालों में हासन जिले के एक नेता को शामिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा।

प्रीतम गौड़ा को नेतृत्व देने पर भी बिफरे कुमारस्वामी

जद(एस) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वालों में हासन के पूर्व भाजपा विधायक प्रीतम गौड़ा को चुनने के भाजपा के कदम से वह आहत हुए हैं। उन्होंने कहा, वह प्रीतम गौड़ा कौन हैं? प्रीतम गौड़ा ने देवेगौड़ा के परिवार को खत्म करने का साहस किया। वे (भाजपा नेता) मार्च की तैयारियों पर चर्चा करने के लिए उन्हें (प्रीतम गौड़ा को) बैठक में बुलाते हैं और मुझे उनके बगल में बैठने के लिए कहते हैं... एक ऐसा व्यक्ति जिसने मेरे परिवार को जहर दिया.. पेन ड्राइव बांटने का जिम्मेदार कौन है।

बीजद सांसद ममता का अचानक इस्तीफा, भाजपा में जाने की चर्चा

पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी दिया त्यागपत्र



नवभारत ब्यूरो। भुवनेश्वर। ओडिशा में कुड़ुमी समुदाय की प्रमुख नेता ममता मोहंता ने अप्रत्याशित घटनाक्रम में राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया है। मोहंता ने बीजू जनता दल (बीजद) की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। दिल्ली में भाजपा सूत्रों ने बताया कि ममता मोहंता भाजपा में शामिल हो सकती हैं। उनके इस्तीफे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मोहंता का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है।

मूसलाधार बारिश से लखनऊ में विधानभवन में जलभराव

लखनऊ। एजेंसी। राजधानी लखनऊ में बुधवार दोपहर करीब दो घंटे की मूसलाधार बारिश से शहर के कई स्थानों समेत राज्य विधानभवन में भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गयी है और विपक्ष ने इसे लेकर सरकार पर निशाना साधा है। राजधानी में करीब दो घंटे तक हुई मूसलाधार बारिश से शहर के प्रमुख स्थल हजरतगंज चौराहे पर पानी भर गया और पास में ही स्थित विधानभवन भी जलभराव से नहीं बच सका।

झारखंड विधानसभा में भाजपा विधायक बिना 'लाइट' के धरने पर बैठे

रांची। ए। झारखंड के विपक्षी दलों-भाजपा और ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) के विधायकों ने बुधवार को कहा कि वे रोजगार समेत विभिन्न मुद्दों पर उनके प्रश्नों का जवाब देने से मुख्यमंत्री के 'इनकार' करने के विरोध में विधानसभा में ही रात गुजारेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार तक विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दिए जाने के बाद वे आसन के समीप धरने पर बैठे थे लेकिन 'लाइट' और वातानुकूलन मशीन बंद कर दी गई।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक पंडरी शाखा (2871)
इन्वेस्टमेंट बिल्डिंग फेस-2, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.), पिन-492004,
फोन नं. - 0771-2582348, ईमेल आईडी - iob2871@iob.in

(परिशिष्ट-4)
कब्जा नोटिस(अचल संपत्ति हेतु) [(नियम-8(1)]

यत:
अधोहस्ताक्षरी ने इंडियन ओवरसीज बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रीकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस एक्ट 2002 तथा सेक्यूरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूलस 2002 की धारा 13(12), सपठित नियम 3 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणी/बंधककर्ता को **दिनांक 01.01.2024** को डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें ऋणी/बंधककर्ता **मै. सन स्टील** (पूर्व में सन स्टील मास ट्रेडिंग के नाम से पहचाने जाने वाले) (प्रो. श्री अशोक कुमार चौरसिया), पता, कार्यालय : - ओधोगिक क्षेत्र, उर्वे बार्डक के पीछे, धनलक्ष्मी नगर, भनपुरी, रायपुर (छ.ग.) 492001 तथा निवास : पीपल-139, छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोरियाकला, सेजबहार, रायपुर (यहां इसके पश्चात् ऋणी तथा बंधककर्ता के रूप में संदर्भित) को देय नोटिस में उल्लेखित राशि रू.1,31,26,914.66 **(रुपए एक करोड़ इकतालीस लाख छब्बीस हजार नौ सौ चौदह तथा छाछठ पैसे मात्र) दिनांक : 31.12.2023** को तथा उस पर अनुबंध पर पर देय ब्याज तथा शुल्क को इस नोटिस की पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर जमा करने के लिए कहा गया था।

(1) ऋणी द्वारा राशि के भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणी एवं आम जनता को एतद द्वारा नोटिस दिया जाता है कि उपरोक्त वर्णित अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के अधीन, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति को दिनांक **30 जुलाई 2024** को अपने कब्जे में लिया है।

(2) ऋणी को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद् द्वारा सावधान किया जाता है कि इस संपत्ति बाबत् कोई व्यवहार न करें और इस संपत्ति के बाबत् किये गये व्यवहार पर **इंडियन ओवरसीज बैंक** को देय राशि रू.1,31,26,914.66 **(रुपए एक करोड़ इकतालीस लाख छब्बीस हजार नौ सौ चौदह तथा छाछठ पैसे मात्र) दिनांक : 31.12.2023** को तथा उस पर अनुबंध पर पर देय ब्याज तथा शुल्क को ध्यान में रखते हुए **दिनांक : 30.07.2024**, **स्थान: पंडरी** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन ओवरसीज बैंक**

अचल संपत्ति का विवरण
न्यायोचित क्षेत्रफल - बैंक फायनेंस द्वारा खरीदी गई मशीनरी की सूची निम्नानुसार है :- कीमें बंकारो की मशीन पूर्व सेट - 9, चॉलिक ड्रम इकाई पूर्व सेट - 2, प्लेंडर मशीन मोटर सहित - 1, सिलर डार्ड होल्डर चकर इकॉन्मोनिक - 6, सिल्वर पोटर - 7, सिल्वर पैनल - 1, कुल - 26

नोट: किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंग्रेजी का मूलपाठ ही मान्य होगा।

दिनांक : 30.07.2024, स्थान: पंडरी **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन ओवरसीज बैंक**

BAJAJ FINSERV

सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना
बजाज फाईनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: मुंबई–पुणे रोड, आकुर्डी, पुणे–411035

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार–बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक https://cms-assets.bajajfinserv.in/is/content/bajajfinance/bidder-tcpdf?scl=1&fmt=pdf के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज नोल्ज ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करें – gold.auction@bajajfinserv.in

(10-08-24) राजनांदगाँव ग्रेट ईस्टर्न रोड; P575GOL7802459, 7832887, 7833980, 7850275, 7906758, 7977694, 8049224, 8081495, 8163806, 8161360, 8159253. (12-08-24) महासमुंद; P6U8G0L7831964, 7849823, 7850013, 7879483, 7917292, 7917031. (13-08-24) मिलाई जीई रोड; P437GOL7769529, 7904464, 7920837, 7915507, 7957634, 8051274, 8088807, 8132351, 8132047. दुर्ग – स्टेशन रोड; P08IGOL7799845, 7798406, 7798504, 7845458, 7859479, 7918187, 8057520, 8056489, 8062648, 8088770, 8111766, 8145177. (14-08-24) रायपुर पीयांक टावर; PEN5GOL7851202, 7857133, 7894127, 7894002, 7894560, 7893621, 7942893, 7981296, 8031029, 8022812, 8094444, 8133905, 8157036, 8156090. रायपुर – तेलीबांधा रोड; PF45GOL7970320, 7977608, 8079609, 8122235, 8151189. (17-08-24) बिलासपुर अग्रसैन चौक; P574GOL7762843, 7763111, 7771814, 7821003, 7820758, 7847710, 7859065, 7894782, 7888041, 8027179, 8032588, 8040837, 8055432, 8082859. बिलासपुर – मुंगेली नाका; PCZ5GOL8134824, 8146218, 8159395. बिलासपुर – सरकंडा; P42GOL7800545, 7808626, 7800740, 7813419, 7813128, 7846828, 7903686, 7969390, 8038736, 8042724, 8055203, 8104134, 8125364, 8124789, 8124824, 8124768, 8124861, 8130614, 8144806, 8147897, 8157160, 8156738. (20-08-24) कटघोरा; P2SEGOL7788692, 7788880, 7784637, 7789219, 7893974, 7899310, 7915031, 7913358, 7940634, 7955574, 7995351, 8093521, 8109366, 8108542, 8122392, 8125348. कोरबा सीएसईबी चौक; P486GOL7845230, 7859298, 7858749, 7872384, 7940577, 7939968, 7998376, 8022034, 8025107, 8030350, 8063919, 8131560, 8169969, 8174619. (21-08-24) मनेंद्रगढ़; PV99GOL7762105, 7791722, 7966487, 7994411, 7995231, 8104672, 8116636, 8131820, 8129919, 8160260, 8173443.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड

जना स्माल फाइनेंस बैंक
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय : द फेयर वे, भूतल व प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/B, ऑफ डोमलूर, कोरामंगला इनर रिंग रोड, EGL बिजनेस पार्क के आगे, चल्लाघट्टा, बेंगलूरू– 560071. शाखा कार्यालय : मलय हाइट्स, प्रथम तल, IDBI बैंक के ऊपर, RBI के सामने, महादेवघाट रोड, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001

ई–नीलामी सूचना

वित्तीय संपत्ति का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम (SARFAESI ACT) 2002, सहपठित सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) व 9 के प्रावधानों के अंतर्गत ई– नीलामी के द्वारा बिक्री के लिये अचल सम्पत्ति

जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने SARFAESI ACT की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति को अपने कब्जे में लिया है. विशेष रुप से कर्जदारों को बढ़े हैमाने पर आम लोगों को सूचित किया जाता है कि बैंक के देयकों की चुकतागरण (realisation) के लिये नीचे उल्लेखित एकाउंट में गिरवी रखी गई संपत्ति की आनलाईन नीलामी (ई- नीलामी) "जहां है, जैसा है" तथा "जैसा है, जो है" के आधार पर यहां नीचे निर्धारित अनुसार बिक्री की होगी:

क्र.	लोन एकाउंट नंबर	मूल कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम	13-2 नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि	03.03.2024 को बोजूद बकाया राशि	संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय	रिजर्व प्राइस INR में	प्रतिभूति राशि जमा (EMD) INR में	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	बिड जमा करने की अंतिम तिथि, समय व स्थान
1	4508942000061 3 व 4508943000402	मूल कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर 1) वि. मदन कुमार सोनी पिता छिद्दामी लाल सोनी 2) श्रीमती माला सोनी पत्नी मदन कुमार सोनी 3) वि. मयंक सोनी पिता मदन कुमार सोनी	10.12.2022	08.01.2024	रू. 26,09,615.70 (रुपये छब्बीस लाख नौ हजार छः सौ पन्द्रह एवं सत्तर पैसे मात्र) 23.07.2024 को तिथि को	03.08.2024 को 09.00 AM से 05.30 PM	रू. 15,40,000/- (रुपये पन्द्रह लाख चालीस हजार मात्र)	रू. 1,54,000/- (रुपये एक लाख चौवन हजार मात्र)	04.09.2024 05.00 PM के पूर्व, जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, जना हाइट्स प्रथम तल, IDBI बैंक के ऊपर RBI के सामने महादेव घाट रोड, सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492001	04.09.2024 को 11:00 AM से 02.00 PM तक

संपत्ति विवरण/अनुषूची : खसरा नं. 528/12 वाली भूमि का सभी हिस्सा तथा पार्सल, एरिया का कुल माप 495 वर्गफीट (46.00 वर्गमीटर), इस पर निर्माण सहित एक साथ, P.H. नं. 27 (पुराना), 49 (नया), चार्ड.क. 42 (पुराना), 48 (नया), मोहल्ला- सोंदाया, ग्राम नंदई, R.N.M. राजनांदगांव-1, तहसील व जिला- राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) , सीमाएं : पूर्व- शर्ली, पश्चिम- मनीष का मकान, उत्तर- रामाधार का मकान तथा दक्षिण- रूकमणी का मकान.

संपत्तियों "जैसा है, जहां है" या "जो है, जैसा है" के आधार पर है तथा ई- नीलामी "आनलाइन" होगी. उपरोक्त उल्लेखित संपत्ति की खरीदी से संबंधित समस्त भुगतान "जना स्माल फाइनेंस बैंक" के पक्ष में किया जाना है. नीलामी बैंक के अनुमोदित सॉफ्ट प्लेटफार्म मे.a.लेनदेन के माध्यम से वेबसाईट https://bankauctions.in में करना होगा. ई- नीलामी पर और जानकारी के लिये तथा विक्रय हेतु, प्रक्रिया तथा अनिवार्य प्रतिभूति के लिये संभावित बिडरों संपर्क कर सकते है: मे. a.लेनदेन, संपर्क नंबर. बाजी प्रभाव, संपर्क नंबर. 8142000030, ई-मेल आईडी: info@bankauctions.in/pradhan@bankauctions.in. ई- नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिये निम्नों तथा शर्तों को आगे की जानकारी तथा संपत्ति के संबंध में कोई भी पूछताछ के लिये, कृपया जना स्माल फाइनेंस बैंक के अधिकारीयों मि. महेन्द्र प्रधान (मोबा. नं. 9029490202) या मि. अजय नायक (मो.नं. 9960948687) से संपर्क करें. प्राधिकृत अधिकारी की बेहतर ज्ञान एवं जानकारी के अनुसार संपत्तियों पर कोई अधिभार नहीं है. फिर भी इच्छुक बिड़रों को अपने बिड़ जमा करने के पूर्व स्वयं ही संपत्ति के अधिभारों, टाइटल के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांचकर लेनी चाहिये. सशर्त बिड़ स्वीकृत नहीं किये जायेंगे. यह उपरोक्त नामित कर्जदारों/सहकर्जदारों/गारंटरों को लिये भी गिरवी रखी गई संपत्ति के लिये अनिवार्य है. नीलामी के बारे में भुगतान है. कलेक्टर/सहायक/गिरवीकर्ता को पहुंचाए अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त उल्लेखित अनुसार राशि की तिथि तक ब्याज तथा सहायक खर्चों सहित नीलामी की तिथि से पूर्व भुगतान कर देवें, अन्यथा संपत्ति की बिक्री कर दी जाएगी तथा शेष देयकों को, यदि कोई हो, ब्याज तथा लागत सहित वसूली की जाएगी.

दिनांक : 01.08.2024, स्थान : रायपुर
हस्ताक्षरित/- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड